प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- ईडी आज ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को पीएमएलए कोर्ट में करेगी पेश, कल हुई मेडिकल जाँच, आगे की पुछताछ के लिये ईडी मांगेंगी रिमांड।
- राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम पर, भाजपा से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कोडरमा और हजारीबाग में, और झामुमो से मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन जमशेदपुर में करेंगें चुनाव प्रचार।
- रांची में असम के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता हिमन्ता बिस्व सरमा ने कांग्रेस पर पाक अधिकृत कश्मीर को भुलने का लगाया आरोप, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इंडि गठबंधन की जीत का किया दावा।
- मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में फिलहाल गर्मी से राहत नहीं, 18 मई से फिर से लोगों को परेशान करेगी गर्मी, 31 मई को मानसून के केरल पहुंचने के आसार।
- भुवनेश्वर में आयोजित फेडरेशन कप 2024 में ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक।

*******************

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को आज सुबह 11 बजे ईडी पीएमएलए कोर्ट में पेश करेगी। ईडी कोर्ट के सामने पूछताछ के लिए आलमगीर आलम की रिमांड की मांग करेगी। जिसके बाद कोर्ट के फैसला तय करेगा कि उन्हें  कितने दिन के रिमांड पर भेजा जाएगा। कल शाम ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया है। इससे पहले दो दिन के सवाल जवाब की कार्रवाई हुई है। इससे पूर्व ईडी ने श्री आलम के आप्त संचिव संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था। जहांगीर के घर से 38 करोड़ से ज्यादा कैश मिले थे।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ यादव हजारीबाग जिल के बरही के चतरो स्थित जेल मैदान में साढे दस बजे से सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, प्रत्याशी मनीष जायसवाल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी मौजूद रहेंगे। वहीं दूसरी ओर वे कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड के पिपचो मैदान में 12 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी भी मौजूद रहेंगे। इधर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज जमशेदपुर में झामुमो प्रत्याशी समीर मोहन्ती के पक्ष में कई चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे

*******************

असम के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता हिमंता बिस्वा सरमा ने कल भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा है कि देश में बहुसंख्यक आबादी खतरे में है। उन्होंने कहा कि इस बार 400 से अधिक सीट लाकर नरेन्द्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पीओके को भूल चुकी है। भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि पाकिस्तान के पास कोई कश्मीर नहीं होना चाहिए। मोदी सरकार ने कश्मीर में सीटों का परिसीमन किया है। इसमें पीओके के लिए भी विधायकों का प्रावधान रखा गया है। इस बार 400 सीट आते ही पीओके भारत का अंग बन जाएगा।

*******************

इधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने दावा किया है कि चार चरण के लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद इंडिया गठबंधन को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश मिलना तय हो गया है। उन्होंने कल रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब और तीन चरण के चुनाव बाकी रह गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी के कार्यक्रम से इंडिया गठबंधन के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है।

*******************

असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा ने कहा है कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिये ईडी और सीबीआई को और मजबूत करना होगा। ये बातें हेमन्ता विस्वा सरमा कल राजधानी रांची में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चंपाई सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायकदल के नेता आलमगीर आलम की ईडी द्वारा हुई गिरफ्तारी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को सजा भुगतनी ही पड़ेगी।

*******************

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गुमला जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत् विगत 13 मई को हुए मतदान दिवस के मौके पर पुरूषों के मुकाबले महिला मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में बालाजी कृष्णा इंजिटेक कंपनी में कल शाम अचानक आग लग गई। इस घटना में कंपनी में लगी कई मशीनें जल गई। जबकि आग लगने से कंपनी में काम कर रहे करीब 6 से 7 मजदूर भी आग की चपेट में आकर झुलस गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर आग लगने की जानकारी आदित्यपुर स्थित झारखंड अग्निशमन कार्यालय में दी गई, मौके पर पहुंचकर दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

*******************

गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के डोरिया गांव में पुलिस ने एक युवक को दो देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचनाओं के आधार पर घर के छज्जे से हथियार बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने गोड्डा नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर मोहल्ले में एक होलसेल कपड़ा दुकानदार के आवास से कपड़ों की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए चार बोरी कपड़े के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

*******************

राज्य के मौसम में एक बार फिर से बदलाव शुरू हो गया है। आंशिक बादल के साथ ही तापमान में वृद्धि से लोगों को गर्मी और उमस का एहसास हो रहा है। तापमान में वृद्धि से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। मौसम विभाग ने 18 मई से हीट वेब चलने की आशंका जताई है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कल बताया कि दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज के अलावा गढ़वा और पलामू में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना होगा। राजधानी रांची में 20 मई तक आंशिक बादल छाये रहने की जानकारी दी गयी है। इसके साथ तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गयी है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून के 31 मई के आसपास केरल पहुंचने की संभावना जताई गई है।

*******************

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भाला फेंक में कल भुवनेश्वर में फेडरेशन कप 2024 में स्वर्ण पदक जीता। 26 वर्षीय चोपड़ा को प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा क्योंकि वह तीन राउंड के बाद दूसरे स्थान पर थे। उन्होंने चौथे राउंड में 82 दशमलव दो सात मीटर दूर भाला फेंकने के साथ बढ़त बना ली। चोपड़ा ने आखिरी बार 2021 में इसी इवेंट में घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जब उन्होंने सतासी दशमलव आठ शून्य मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।

*******************

आईपीएल क्रिकेट में आज हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। वहीं कल खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स ने 18 ओवर और पांच गेंदो में 145 रन बनाकर मैच जीत लिया।

*******************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित विभिन्न अखबारों ने ईडी के द्वारा राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किए जाने की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर और हिन्दुस्तान की सुर्खी है कमीशनखोरी व मनी लाउंड्रिंग के आरोप में ईडी ने की कार्रवाई, मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार।

दैनिक भास्कर लिखता है असम के मुख्यमंत्री ने तीन चुनावी सभा में झामुमो कांग्रेस को निशाने पर लिया, इधर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एनडीए सरकार की खामियां बताई।

दैनिक जागरण ने लिखा है सावधान ! झारखंड में हर माह 900 लोगों का शिकार कर रहे हैं साइबर ठग।

राज्य में 18 मई से फिर झुलसाएगी गर्मी, यलो अलर्ट जारी इस खबर को रांची एक्सप्रेस ने अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने चार चरणों में ही हमें बहुमत मिलना तय, कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी की खबर को प्रमुखता दी है।

*******************